**Dainik Jagran** Date. 09-03-18

Page.No. **Jagran City-3**

# 4097 छात्रों ने 27 सेकेंड में रचा इतिहास



ताजगी भरी सांसों का रिकॉर्ड... गाजियाबाद के मुरादनगर स्थित आइटीएस कॉलेज के मैदान में छात्रों ने एक साथ मिलकर 27 सेकेंड तक माउथवॉश कर गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड्स में नाम दर्ज कराया ● अमीरुद्दीन

- पहले प्रयास में ही गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड्स में दर्ज कराया नाम
- आइटीएस कॉलेज के तीन परिसरों में हुआ आयोजन

संवाद सहयोगी, मुरादनगर : आइटीएस संस्थान के मुरादनगर, मोहन नगर और ग्रेटर नोएडा स्थित परिसर में छात्रों ने एक साथ माउथवॉश कर वर्ल्ड रिकार्ड बनाया। 4097 छात्रों ने पहले प्रयास में ही निर्धारित समय से पहले 27 सेकेंड में कीर्तिमान रच गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड्स में नाम दर्ज करा लिया।

आयोजन का मुख्य उद्देष्य 'मुख को साफ रखने के लिए जागरूकता' फैलाना था। इसमें कुल 4166 छात्रों ने भाग लिया। विभिन्न कारणों से इसमें 4097 छात्रों को चुना गया। इस कीर्तिमान में मुरादनगर स्थित परिसर में 1321, ग्रेटर नोएडा स्थित परिसर में 1384 और मोहन नगर स्थित परिसर में 1392 छात्रों ने भाग लिया। हालांकि यहां बनाया गया रिकार्ड टाइप टू का है, जिसमें कई जगह एक साथ कार्यक्रम कराए गए थे। एक जगह का रिकार्ड ( टाइप वन ) अभी भी फिलिपिंस की एक संस्था के नाम है, जहां एक साथ 2046 छात्रों ने माउथ वॉश किया था।

माउथ वॉश कार्यक्रम गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड्स के इंडिया और साउथ एशिया के जज स्वपनिल डांगरिकर की मौजूदगी में किया गया। स्वपनिल डांगरिकर ने कॉलेज निदेशक डॉ आरपी चड्ढा को रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र दिया। प्रमाण पत्र मिलते ही कॉलेज के छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई प्रोग्राम में लिस्टरिन नामक कंपनी ने भी सहयोग किया इस मौके पर सोहेल चड्ढा, अर्पित चड्ढा, राजीव मल्होत्रा, राजवीर आदि रहे।

## कई छात्र हुए बेहोश

संस, मुरादनगर : वर्ल्ड रिकाड्र्स बनाने के चक्कर में कई छात्र बेहोश हो गए। छात्रों को मैदान में खड़ी एंबुलेंस में प्राथमिक उपचार दिया गया। रिकॉर्ड दर्ज कराने के लिए पहला प्रयास सुबह करीब 10 बजे किया गया। पहले प्रयास के बाद गिनीज बुक के अधिकारी तीनों परिसर में मौजूद छात्रों का आंकड़ा एकत्र करने में लग गए। करीब एक घंटे तक छात्रों को 32 डिग्री तापमान में खड़ा रहना पड़ा। कहीं दूसरा प्रयास न करना पड़े, इसके लिए किसी भी छात्र-छात्रा को मैदान नहीं छोड़ने के निर्देश दिए गए थे। कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी राजीव मल्होत्रा ने बताया कि तीनों परिसर से आंकड़ा एकत्र करने के कारण थोड़ी देरी हुई। बृहस्पतिवार को तापमान कुछ ज्यादा था। इसके कारण कुछ छात्रों को असहजता महसूस हुई।

**Hindustan (Hindi)**

**Page.No. 26**

**Date. 09-03-18**

माउथवॉस

# रिकॉर्ड बनाने के लिए जुटे हजारों लोग

**गाजियाबाद/ ट्रांस हिंडन/ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क और गाजियाबाद के मोहन नगर और मुरादनगर स्थित आईटीएस संस्थान में गुरुवार को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए हजारों लोग जुटे थे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के अलावा बाहर से लोगों को बुलाया गया था जिनमें कुछ वालंटियर भी थे। संस्थान के डॉ. भुवन दीप गुप्ता ने बताया कि पहले सभी पंजीकरण हुआ जिसके बाद उन्हें एक बार कोड दिया गया। बार कोड जांच के बाद अंदर पंडाल में जाने की अनुमति दी गई...



ग्रेनो के नॉलेज पार्क स्थित आईटीएस संस्थान में गुरुवार को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए माउथवॉश करते लोग। इस कार्यक्रम के दौरान मुरादनगर में गर्मी के चलते कुछ छात्र बेहोश होकर गिर गए। • श्रीकुमार बाजपेयी




मोहन नगर स्थित आईटीए ग्रुप ऑफ कॉलेज में रिकॉर्ड बनने के बाद प्रमाणपत्र दिखाते संस्थान के लोग। • हिन्दुस्तान

## ड्रोन कैमरे से रिकॉर्डिंग

आईटीएस तीनों संस्थान में माउथवॉस के रिकॉर्ड की ड्रोन से वीडियो रिकॉर्डिंग करवाई गई। संस्थानों को एक दूसरे से ऑनलाइन जोड़ा गया था। संस्थान निदेशक और प्रधानाचार्य डा. अक्षय भार्गव ने कहा कि संस्थान का हमेशा से प्रयास रहा है कि दांतों में होने वाली बीमारियों के बारे में जागरूक किया जाए।

## टीम ने सराहना की

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के ऑफिशियल एडवाइजर स्वपनिल डांगरिकर अपनी 10 सदस्यीय टीम के साथ मौके पर मौजूद थे। उन्होंने रिकॉर्ड की सराहना की। स्पनिल डांगरिकर ने ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा, वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा एवं लतिका चड्ढा को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाणपत्र प्रदान किया।

Amar Ujala

Page No. 08

Date. 09-03-18

# 4096 छात्र-छात्राओं ने एक साथ माउथ वॉश कर बनाया कीर्तिमान

## गिनीज बुक में मोस्ट प्यूपिल यूजिंग माउथ वॉश प्रोग्राम में दर्ज हुआ आईटीएस का रिकार्ड

अमर उजाला ब्यूरो

मुरादनगर।

आईटीएस ग्रुप का नाम बृहस्पतिवार को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज हो गया। 4096 छात्र-छात्राओं ने एक साथ माउथवॉश कर कीर्तिमान बनाया।




गिनीज बुक ऑफ रिकार्ड में नाम आने का सर्टिफिकेट दिखाते कालेज के चैयरमेन।

आईटीएस ग्रुप के मुरादनगर, मोहन नगर और ग्रेटर नोएडा स्थित कॉलेज में बृहस्पतिवार को गिनीज बुक ऑफ् वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज कराने के लिए मोस्ट प्यूपिल यूजिंग माउथ वॉश प्रोग्राम रखा गया। 4096 छात्र-छात्राओं ने तीन स्थानों पर एक साथ माउथ वॉश कियाया। इससे पहले यह रिकार्ड 2015 में फिलीपींस के नाम था, जिसमें 2046 छात्रों ने माउथ वॉश किया था। हालांकि फिलीपींस का रिकार्ड अभी टूटा नहीं है, क्योंकि रिकार्ड उन्होंने टाइप वन में बनाया था। आईटीएस ग्रुप ने टाइप टू में रिकार्ड बनाया है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड के जज स्वपनिल डांगरिकर ने बताया कि प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य मुख को साफ रखने के लिए जागरूकता फैलाना था। जज स्वप्निल डांगरिकर ने आईटीएस ग्रुप के चेयरमैन डा.आरपी चड्ढा, वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, लतिका चड्ढा को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड का सर्टिफिकेट प्रदान किया। प्रोग्राम में लिस्टरिन नामक कंपनी ने सहयोग किया। इस मौके पर सोहेल चड्ढा, राजीव मल्होत्रा, राजवीर आदि मौजूद रहे।

**वर्ल्ड रिकार्ड के चक्कर में बेहोश हुए छात्र-छात्राएं**

गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड बनाने के चक्कर में आईटीएस में कड़ी धूप में खड़े कई करीब 12 छात्र-छात्राएं चक्कर खाकर बेहोश हो गए। प्रोग्राम सुबह करीब 10 बजे शुरू हुआ। करीब ढाई घंटे तक छात्र-छात्राएं कड़ी धूप में खड़े रहे। तेज धूप में स्टूडेंट बेहोश होकर गिरने लगे।